प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 02.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मुरादाबाद की डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में पुलिस उपाधीक्षकों के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित।
2. मुख्यमंत्री ने मानव–वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को लेकर आज की बैठक : आदमखोर भेड़िये और तेंदुए के हमले रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के दिए निर्देश।
3. लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मशहूर फुटबॉल क्लब मोहन बागान सुपर जायंट और ईस्ट बंगाल एफसी के बीच आज खेला जा रहा है प्रमोशनल मैच।

और

4. सोमवती अमावस्या पर आज गंगा समेत अन्य प्रमुख नदियों में श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी : चित्रकूट में लगे मेले में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मुरादाबाद की डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में पुलिस उपाधीक्षकों के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। पुलिस अकादमी में 18 माह का प्रशिक्षण लेने के बाद नए कानूनों के जानकार 74 डिप्टी एसपी पास आउट हुए हैं। इनमें 18 महिला और 56 पुरुष अधिकारी शामिल हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने

प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी प्रदेश में सुशासन की नींव अच्छी कानून व्यवस्था से मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस में किए गए रिफॉर्म का ही परिणाम है कि बीते साढ़े सात वर्षों में प्रदेश के भीतर कोई दंगा नहीं हुआ है। आज उत्तर प्रदेश सुशासन के मॉडल के रूप में पूरे देश में देखा जा रहा है। रूल ऑफ लॉ के कारण प्रदेश को लेकर लोगों की धारणा बदली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश सरकार ने कई रिफॉर्म किए हैं। बाइट...

*पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए वर्तमान में हमारी सरकार ने अनेक रिफॉर्म किए हैं। पुलिस का आधुनिकीकरण किया है। पिछले सात वर्ष में पुलिस बल में नई भर्तियों को लेकर के संसाधनों की उपलब्धता में पार वृद्धि हुई है। प्रदेश सरकार द्वारा पुलिस को सुदृढ़  करने के लिए एक लाख साठ हजार से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती भी की गई है। उत्तर प्रदेश में साठ हजार दो सौ से अधिक पदों पर चयन की प्रक्रिया कोआगे बढ़ाते हुए लिखित परीक्षा सफलतापूर्वक सकुशल सम्पन्न की गई। पिछले सात वर्षों के दौरान पुलिस प्रशिक्षण की क्षमता को भी तीन गुना से अधिक बढ़ाने में सफलता प्राप्त हुई है।*

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मुरादाबाद में रामपुर रोड पर आयोजित कार्यक्रम में वृहद रोजगार मेले का उद्घाटन किया। इसके साथ ही करीब चार सौ करोड़

रूपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में हाल के दिनों में हुई मानव–वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए आज विभागीय मंत्री और संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने इन घटनाओ को रोकने, स्थिति की मॉनिटरिंग करने और घटनाओं के बढ़ने के कारणों पर मंथन करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि आदमखोर भेड़िये या तेंदुए द्वारा हमले की घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने प्रभावित जिलों में प्रशासन, पुलिस, वन विभाग, स्थानीय पंचायत, राजस्व विभाग द्वारा व्यापक जन जागरूकता पैदा करने और लोगों को सुरक्षा के उपायों के बारे में भी बताने के आदेश दिए। बैठक के बाद वन मंत्री ने बहराइच, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, बिजनौर सहित अन्य जिलों में तत्काल वन विभाग के अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती के निर्देश दिये। साथ ही जॉइंट पेट्रोलिंग बढ़ाने का आदेश दिया। इसके अलावा वरिष्ठ अधिकारियों को जिलों में कैंप करने, जनप्रतिनिधियों से सहयोग लेने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जहां लाइट की समस्या हो, वहां पेटोमैक्स की व्यवस्था करने का आदेश दिया।

उधर, बहराइच की महसी तहसील के पूरे इलाके में जंगली भेड़िया का आतंक बना हुआ है। यहां जंगली जानवर को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम के साथ 200 जवानों की टीम दिन रात गस्त कर रही है। प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को अकेले घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान की शुरूआत की। श्री मोदी ने भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से अपनी सदस्यता का नवीनीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त किया। अभियान के दौरान नए सदस्य बनाए जाएंगे और पार्टी के मौजूदा सदस्यों की सदस्यता का नवीनीकरण किया जाएगा। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान व्यक्ति को राष्ट्र प्रथम की भावना, जनसेवा के संकल्प, अन्त्योदय के प्रण और विकसित भारत–आत्मनिर्भर भारत के विजन के साथ जोड़ने का आन्दोलन है। लखनऊ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य और बृजेश पाठक को पार्टी की सदस्यता दिलाएंगे।

यह अभियान आज से दस नवंबर तक चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जाएगा। सदस्यता अभियान का पहला

चरण इस महीने की 25 तारीख को संपन्न होगा। भाजपा का चुनाव वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को छोडकर पूरे देश में अपने सदस्यता अभियान के हिस्से के रूप में कम से कम दस करोड़ नए सदस्यों की जोड़ने का लक्ष्य है।

—————————

बेसिक से लेकर एडेड माध्यमिक विद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षक भर्ती के लिये बनाये गये उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की पहली अध्यक्ष डॉक्टर कीर्ति पाण्डेय को बनाया गया है। डॉक्टर कीर्ति पाण्डेय वर्तमान में गोरखपुर विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। इस आयोग में अध्यक्ष के अलावा बारह सदस्य पदों पर नियुक्ति चौदह मार्च को ही कर दी गयी थी। अध्यक्ष के चयन का आदेश प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा की तरफ से कल जारी किया गया।

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

गोरखपुर के बड़हलगंज और मऊ के दोहरीघाट के रास्ते बेल्थरा और बलिया तक की यात्रा करने वाले लोगों के लिये यूपी रोडवेज की नई बस सेवा आज शुरू हो गई। गोरखपुर से बलिया के लिये यह बस सेवा प्रतिदिन तीन फेरों में उपलब्ध होगी।

—————————

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद–यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट परीक्षा दो हजार पच्चीस के लिये पंजीकरण की अन्तिम तिथि पांच सितम्बर है। इस तिथि तक छात्र–छात्राओं के शैक्षिक विवरण यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किये जा सकेंगे।

—————————

सोमवती अमावस्या पर आज गंगा समेत अन्य नदियों में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। चित्रकूट में सोमवती अमावस्या मेले में लाखों की संख्या में पहुंचे श्रृद्धालुओं ने पवित्र मंदाकिनी नदी में स्नान कर कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा की। वाराणसी, अयोध्या, कानपुर नगर और अमरोहा समेत अन्य स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों में स्नान कर दान पुण्य किया। प्रयागराज में लाखों की संख्या में भक्तों

ने गंगा नदी में डुबकी लगाई। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.....

*आज सोमवती अमावस्या पर पवित्र त्रिवेणी संगम में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर सुख–समृद्धि की कामना की। भोर पहर से ही संगम घाट पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर भगवान सूर्य व भगवान विष्णु का मंत्रोच्चारण के साथ घाट पर जल अर्पित कर पूजन किया और जरूरतमंदों में अनाज और वस्त्र दान किया। इस बार भादव अष्टमी को सोमवती अमावस्या सोमवार को पड़ा है। सनातन धर्मावलंबी महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए आज के दिन व्रत रखकर पीपल के वृक्ष की पूजा और परिक्रमा करके कच्चे सूत का फेरी देती है। सोमवार चंद्र देवता को समर्पित दिन है। भगवन चंद्र को मन का कारक माना जाता है अतः इस दिन अमावस्या पड़ने का अर्थ है कि यह मन संबंधित दोषों को दूर करने के लिए उत्तम है। त्रिवेणी संगम सहित अन्य प्रमुख घाटों पर जलस्तर बढ़ने चलते जल पुलिस के द्वारा घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए थे। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।*

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में आज लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में देश के मशहूर फुटबॉल क्लब मोहन बागान सुपर जायंट और ईस्ट बंगाल एफसी के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। दोनों प्रतिद्वंद्वियों के बीच लखनऊ में पहली बार मैच हो रहा है। ऐसे में इस बड़े मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं। यह प्रमोशनल मैच अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार, उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ और क्रीड़ा भारती के सहयोग से आयोजित किया गया है।

इस अवसर का लाभ उठाते हुए, एआईएफएफ ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से नवोदय विद्यालयों के माध्यम से 75 जिलों के 21 हजार 551 स्कूलों में 96 हजार 455 फुटबॉल वितरित करने की योजना शुरू की है।

————————

पेरिस पैरालंपिक में पैरा–बैडमिंटन खिलाड़ी नितेश कुमार ने पुरुष सिंगल्स के एसएल–3 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीत लिया है। उन्होंने ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को फाइनल मुकाबले में शिकस्त दी। इससे पहले योगेश कथुनिया ने आज पुरुषों के डिस्कस थ्रो एफ–56 स्पर्धा में रजत पदक जीता। अपने पहले ही प्रयास में42 दशमलव दो–दो मीटर की दूरी तक चक्का फेंक कर उन्होंने सीजन में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनके साथ लगातार दूसरा पैरालंपिक रजत पदक जीता। आज रात पुरुष सिंगल्स के एसएल–4 श्रेणी के फाइनल में सुहास यतिराज का सामना फ्रांस के लुकास मजूर से होगा। पेरिस पैरालंपिक में भारत ने दो स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य के साथ अब तक कुल नौ पदक जीते हैं।

(समाप्त)